आकाशवाणी शिमला

21.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 920बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा–वर्तमान में तेजी से बदलते दौर में आर्थिक प्रगति के साथ–साथ सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं का संरक्षण जरूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान दे रही है राज्य सरकार–भाजपा पर शिक्षा के क्षेत्र की अनदेखी करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों के लिए सरगर्मियां तेज।
- शिमला में सफाई कर्मचरियों की हड़ताल का आज सातवां दिन–नगर निगम प्रशासन ने 41 कर्मचारियों को नौकरी से किया बर्खास्त।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में आज भी लू चलने का यलो अलर्ट–मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में बारिश की जताई संभावना।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान में तेजी से बदलते दौर में आर्थिक प्रगति के साथ–साथ सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं का संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमता, नवाचार व स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान भी किया है। धर्मशाला स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में एक भारत–श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत आयोजित युवा संगम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि युवा केवल रोज़गार प्राप्त करने तक सीमित न रहें बल्कि दूसरों के लिए भी रोज़गार के अवसर सृजित करने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से देश की एकता व अखंडता को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल प्रदेश ने देशभर में छठा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब प्रदेश के बच्चों को भविष्य की

चुनौतियों के लिए तैयार करना चाहती है ताकि उनमें आत्मविश्वास की कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम शुरू कर दिया गया है और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोला जा रहा है ताकि बच्चों को अपने ही क्षेत्र में गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र की अनदेखी की जिससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट आई।

<u>पंचायत चुनाव</u>

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 24 व 25 मई को रवाना होंगी। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष हैं जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। इन चुनावों में 52 हजार 3 सौ 49 युवा पहली बार वोट डालेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इन चुनावों में प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग रंग के करीब 60 लाख मतपत्र छपवाए गए हैं। पंचायत सदस्य के लिए सफेद रंग, उप प्रधान पद के लिए पीला, प्रधान पद के लिए हल्का हरा रंग, पंचायत समिति उम्मीदवार के लिए गुलाबी और जिला परिषद उम्मीदवार के लिए हल्के नीले रंग का मत पत्र निर्धारित किया गया है।

<u>कांगड़ा चुनाव</u>

उधर कांगड़ा जिला के अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में पंचायत चुनावों के लिए 26 मई को मतदान होगा और जिला प्रशासन ने इस बार विशेष मतदान केंद्र स्थापित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवां ने बताया कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मत पेटियों को सुरक्षित वापिस लाने के लिए हैलीकॉप्टर की सहायता ली जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है।

आतंकवाद विरोधी– दिवस

देश भर में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जा रहा है। समारोह सहित कई कार्यक्रम आयोजित की जाती हैं। इसी दिन वर्ष 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार हुए थे।

सैहब सोसाइटी हड़ताल

शिमला में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल का आज सातवां दिन है। इस बीच हड़ताल पर बैठे सैहब कर्मचारियों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 41 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इनमें सुपरवाईजर सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। नगर निगम प्रशासन ने आउटसोर्स कंपनी को पत्र जारी कर 2 सौ 70 आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थान पर नए कर्मचारी उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए हैं। निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि जल्द इस मामले को सुझला लिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर सीटू के अध्यक्ष विजेंदर मेहरा ने इस कार्रवाई को कर्मचारियों के साथ धोखा करार दिया है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मैदानी इलाकों के साथ–साथ पहाड़ी क्षेत्रों में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। बीते कल ऊना में सर्वाधिक 44 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के मैदानी जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते प्रदेश के कई भागों में बारिश व अंधड़ की संभावना है।

<u>लुंगड़ू</u>

प्रदेश में अप्रैल से सितंबर तक मिलने वाला लुंगड़ू अपने औषधीय गुणों, अनोखे स्वाद और पोषक तत्वों के कारण विशेष महत्व रखता है। इसे कई क्षेत्रों में लिंगड़ तथा खसरोड़ के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम डिप्लाजियम मैक्सिमम है। हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता के अनुसार ये पौधा केवल एक मौसमी सब्जी नहीं बल्कि पहाड़ी संस्कृति, परंपरा और खान–पान की जीवंत पहचान है।

एथलैटिक्स

शिमला जिला एथलैटिक्स एसोसिएशन द्वारा जिले के शिलारू में 24 मई को एथलैटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। संघ के महासचिव सी.पी. मैहता ने बताया कि इनमें अंडर–20 आयु वर्ग के पुरूष व महिला खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन

करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य एथलैटिक्स चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से समय पर पंजीकरण करवाने की अपील की है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला हाईकोर्ट के हवाले से लिखता है विजिलेंस को आरटीआई के दायरे से बाहर करने की अधिसूचना पर रोक।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है हिमाचल के कई जिलों में ड्राई होने लगे पैट्रोल पंप।

मुख्यमंत्री के हवाले से हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है भाजपा का फोकस संस्थान खोलना, हमारा गुणात्मक शिक्षा।

हिमाचल एंट्री टैक्स के खिलाफ एक जून को 55 एग्जिट प्वाइंट 4 घंटे रहेंगे जाम शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है संघर्षकारी संगठनों ने जारी किया रेसिप्रोकल टैक्स ड्राफ्ट।

दैनिक जागरण की एक खबर है मुख्य सचिव की नियुक्ति के मामले में सरकार व संजय गुप्ता को नोटिस।

मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है ऊना में 44 डिग्री और शिमला में 30 डिग्री के साथ इस सीजन के सबसे गर्म दिन–कल से बारिश संभव।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा–वर्तमान में तेजी से बदलते दौर में आर्थिक प्रगति के साथ–साथ सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं का संरक्षण जरूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान दे रही है राज्य सरकार–भाजपा पर शिक्षा के क्षेत्र की अनदेखी करने का लगाया आरोप।

- प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों के लिए सरगर्मियां तेज।

- शिमला में सफाई कर्मचरियों की हड़ताल का आज सातवां दिन–नगर निगम प्रशासन ने 41 कर्मचारियों को नौकरी से किया बर्खास्त।

- प्रदेश के मैदानी इलाकों में आज भी लू चलने का यलो अलर्ट–मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में बारिश की जताई संभावना।